हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 8 फरवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 14. 0 डिग्री


विकसित और आत्मनिर्भर भारत की मज़बूत नींव रखने वाला ऐतिहासिक बजट : कौशिक

4




## खबर संक्षेप

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल आज सारंगढ़ दौरे पर

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता



नारायण चंदेल रविवार 8 फरवरी को सारंगढ़ दौरे पर रहेंगे। वे देश के आम बजट को लेकर सारंगढ़ में दोपहर 3 बजे प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे तथा भाजपा कार्यकर्ताओं से भेट करेंगे।

### अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीयन प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय वायुसेना में (अग्निवीर) भर्ती द्वारा युवाओं को सहभागिता बढ़ाने हेतु भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 3 फरवरी से प्रारंभ हो गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 1 अप्रैल रात्रि 11 बजे तक भारतीय वायुसेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया के अंतर्गत पहले लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं चिकित्सा परीक्षण होगा। उम्मीदवारों को 10+2 परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, साथ ही अंग्रेजी विषय में भी 50 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु अभ्यर्थी अपने जिले के रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक 10 को

**सक्ती।** अल्पसंख्यक कल्याण हेतु केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। आदिवासी विकास विभाग जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अल्पसंख्यक प्रधानमंत्री 15 सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक 10 फरवरी को आयोजित की जाएगी। यह बैठक समय-सीमा की बैठक के उपरांत दोपहर 2 बजे जिला कार्यालय सक्ती के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### भर्ती के लिए दावा आपत्ति 20 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत जिला, जनपद पंचायत के रिक्त पद लेखा सह एम.आई.एस. सहायक का पद संख्या-01 (अन्य पिछड़ा वर्ग-मुक्त) की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि प्राप्त आवेदन पत्रों का छानबीन समिति द्वारा जांच उपरांत पात्र, अपात्र सूची जारी किया गया है। जिसका दावा-आपत्ति 20 फरवरी कार्यालयीन सायं 5 बजे तक आमंत्रित किया गया है।

### सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** जिले में 10 फरवरी को मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि उक्त आयोजन हेतु प्राप्त कुल 141 आवेदनों की प्रारंभिक पात्रता सूची तैयार की गई है। सूची के अनुसार यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी जोड़े की पात्रता, आयु या अन्य वैधानिक तथ्यों के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वे 9 फरवरी को दोपहर 12 बजे तक साक्ष्यों सहित लिखित आवेदन कार्यालयीन समय में कार्यालय कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में स्पीड पोस्ट व रजिस्टर्ड डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रारंभिक सूची का अवलोकन जिले की वेबसाइट तथा कार्यालय के सूचना पटल पर कर सकते है।

### जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे लोग

# एक दशक में ही आरओबी हुआ जर्जर, मरम्मत की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शास्त्री चौक अकलतरा का रेलवे ओवरब्रिज 10 साल में ही पूरी तरह जर्जर हो चुका है। इस अवधि में कई बार अलग अलग पेच वर्क जा चुकी है। आरओबी में जगह जगह पर दरार है और कई जगह पर सुराख भी हो चुका है। अब पूरे आरओबी के नए सिरे से मरम्मत की दरकार है।

अकलतरा में लोगों की सुविधा के लिए नगरवासियो की मांग पर रेलवे ओवर ब्रिज का काम 2005 में शुरू हुआ था। शास्त्री चौक से अग्रसेन नगर तक दस साल चले कार्य के बाद आरओबी का निर्माण पूर्ण हुआ। तत्कालीन मंत्री राजेश मूढ़त ने 4 जुलाई 2015 को आरओबी का उद्घाटन किया। लोगों को उम्मीद थी कि आरओबी से आवागमन सुगम होगा, लेकिन कुछ साल बाद ही परेशानी शुरू हो गई। हालांकि उद्धघाटन के पहले ही आरओबी की गुणवत्ता को लेकर सवाल भी उठने लगे थे। उद्घाटन के कुछ दिन पहले ही ब्रिज का एक सलेप टूट कर गिर गया था। आनन फानन में इसे दुरुस्त कर उद्घाटन कराया गया था। कुछ साल के बाद ही आरओबी में जगह जगह पर दरार आने लगी। पुल का सरिया भी निकलने लगा। कई बार अलग अलग तरह के मरम्मत कार्य भी हुए। अब हालात यह है कि पुल पर जगह जगह पर सुराख आने लगा है। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही और जर्जर हो चुके पुल पर अब जान का जोखिम मंडराने लगा है। भारी वाहनों के पहिये से पुल पर सुराग होने लगा है। पुल पूरी तरह जर्जर हो चुका है। समय समय पर अलग अलग हिस्सों में काम चलाऊ मरम्मत भी की गई है, लेकिन पुल के पूर्ण मरम्मत की दरकार है। पुल की मरम्मत के लिए पूर्व में विभाग द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन उसे अब तक मंजूरी नहीं मिल सकी है। जर्जर पुल पर आए दिन आ रहे सुराख से राहगीर डर डर कर सफर कर रहे हैं। कई बाइक चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। आए दिन छोटी मोटी दुर्घटना हो रही है। पांच माह पहले पुल पर एक बड़ा सुराख हो गया था।बेरिकेट लगा कर पूरे दिन मरम्मत कार्य किया गया। इसके बाद इस स्थान को बेरिकेट्स से घेर दिया गया। ऐसे में पुल का यह हिस्सा पूरे दिन वन-वे रहा। बड़े वाहनों की आवाजाही में खासी दिक्कतों का सामना करन पड़ा। इससे पहले भी आरओबी में एक बड़ा हादसा सामने आया था। एक ट्रक जर्जर पुल पर अनियंत्रित हो गया था। ट्रक पुल के रेलिंग में जाकर फंस गया था। इससे पुल की रेलिंग का एक बड़ा हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ था। इसके अलावा भी पुल पर आए दिन छोटे-मोटे हादसे हो रहे है।



बीच-बीच में इस तरह पेचवर्क कर चलाया जा रहा काम।

#### करेंगे पत्राचार

अकलतरा ओव्हरब्रिज की मरम्मत को लेकर पूर्व में प्रस्ताव भेजा गया था। इस पर कोई स्वीकृति नहीं मिली है। फिर से पत्राचार करेंगे। आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

-एन.आर. भगत,
एसडीओ
सेतु निगम जांजगीर

# अंतरजिला चोर गिरोह का पर्दाफाश

## एम्बुलेंस लिखे वाहन से करते थे चोरी

### छह सदस्य गिरफ्तार, 17 लाख का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

अंतरजिला चोर गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। गिरोह ट्रांसफार्मर और केबल वायर चोरी करता था। लोगों को चकमा देने एम्बुलेंस लिखे वाहन में वारदात को अंजाम दिया जाता था। मामले मे पुलिस ने बिलासपुर क्षेत्र के 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर 17 लाख रुपये के सामान जप्त किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुरपा गांव में 13-14 जनवरी की रात ट्रांसफार्मर से कॉपर वायर चोरी हो गई। वही 22 जनवरी को भी लोहर्सी गांव मे लगे ट्रांसफार्मर से 200 किलो कॉपर तार चोरी हुई। विद्युत मंडल के कनिष्ट यंत्री मनोज कुमार सोनी ने शिवरीनारायण थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई।रिपोर्ट पर थाना शिवरीनारायण में धारा 303(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की और रिस्दा गांव के कबाड़ी कि दुकान मे छापा मार कार्रवाई की, जिसमे भारी मात्रा मे चोरी के कॉपर तार बरामद किया। पूछताछ मे कबाड़ी दुकान के संचालक कुंदन वानी ने बताया कि आरोपियों के साथ संगठित होकर पहले ख़राब ट्रांसफार्मर और केबल की रैकी की जाती थी और मोबाईल मे फोटो खिंच कर अपने साथियों को भेजते थे, जिसके बाद रात मे चोरी की जाती थी। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी इतने शातिर थे कि उन्होंने चोरी करने से पहले रैकी करते और ग्रामीणों को शक ना हो इसके लिए बोलेरो वाहन को एम्बुलेंस लिख कर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। इस गिरोह ने बलौदा बाजार, बिलासपुर, रायगढ़ और जांजगीर के मुलमुला और अकलतरा थाना क्षेत्र मे 10 से अधिक चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने बिलासपुर जिले के मस्तुरी थाना क्षेत्र के ग्राम रिस्दा परसाडीह मोहल्ला निवासी 26 वर्षीय अमर बाबू उर्फ कुंदन वानी पिता सूरज वानी, ग्राम कोहरौदा निवासी 38 वर्षीय संतोष भास्कर पिता कमल प्रसाद भास्कर, ग्राम खोरसी निवासी 39 वर्षीय विरेन्द्र सुमन पिता बुधराम सुमन, ग्राम रिस्दा निवासी 20 वर्षीय राज आर्यन वानी उर्फ छोटू वानी पिता बबन वानी, ग्राम रिस्दा निवासी 20 वर्षीय अमन रात्रे पिता राकेश रोशन रात्रे और ग्राम रिस्दा निवासी 21 वर्षीय राज आर्यन उर्फ रोहित वानी पिता रणवीर वानी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से ट्रांसफार्मर, कॉपर वायर, एल्यूमिनियम तार के साथ 4 मोबाईल, छोटा हाथी, बोलेरो एम्बुलेंस के साथ कटर मशीन जप्त किया है, जिसकी क़ीमत 17 लाख तीस हजार रुपये आंकी गई है। गिरोह में कुछ और भी लोग शामिल हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।



गिरफ्तार आरोपी व जब्त सामान।

#### सरगना पहले भी जा चुका है जेल

गिरोह के सरगना अमर बाबू और कुछ अन्य सहयोगियों के विरुद्ध पूर्व में भी जिला बलौदा बाजार-भाटापारा के थाना भाटापारा ग्रामीण एवं थाना गिधौरी में इसी प्रकार के चोरी के कई प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें उनकी गिरफ्तारी हो चुकी है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। इसी प्रकार जिला बिलासपुर के थाना मस्तूरी एवं थाना पचपेड़ी में भी आरोपियों का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है।

## रंजिश में खूनी संघर्ष, 4 आरोपियों को टांगी-डंडा सहित किया गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त टांगी और डंडा भी जब्त किया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी हंषराज कश्यप निवासी बैजलपुर ने थाना बलौदा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 जनवरी को गांव में कौशल प्रसाद केवट के घर छट्ठी कार्यक्रम आयोजित था। कार्यक्रम के दौरान नाच-गाने के समय दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसे उस समय शांत करा दिया गया था, लेकिन उसी रात करीब 8:30 बजे पुरानी बात को लेकर पुनः विवाद बढ़ गया। संदीप केवट और उसके भांजे लोकेश केवट के बीच झगड़ा हो रहा था, जिसे छुड़ाने के लिए प्रार्थी बाहर आया। इसी दौरान लोकेश केवट ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। थोड़ी ही देर में उसके परिजन अश्वनी केवट, मनमोहन गांधी और भोला प्रसाद केवट भी मौके पर पहुंचे और एक राय होकर प्रार्थी के साथ हाथ-मुक्का, डंडा व टांगी से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में बलौदा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जहां उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार किया। इसके बाद चारों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 296, 351(2), 115(2), 118(2), 191(3) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### देवरीमठ में प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 10 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम देवरीमठ (करही) के जोरवापारा में प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 10 फरवरी दिन मंगलवार से रखा गया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत देवरीमठ के जोधन कुमार यादव ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 10 फरवरी दिन मंगलवार से रखा गया है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 20 हजार रुपए, दूसरा पुरस्कार 15 हजार रुपए और तीसरा पुरस्कार 10 हजार रुपए रखा गया है। क्रिकेट प्रतियोगिता का अंतिम फाइनल मुकाबला 25 फरवरी बुधवार को होगा। आयोजन को लेकर ग्राम वासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही है। ग्राम देवरीमठ के जोरवापारा में क्रिकेट लीग को युवा उत्साहित है।

### कार पर गिरा पेड...



**जांजगीर-चांपा।** शिवरीनारायण मेला के दौरान पेड की टहनी गिरकर कार के ऊपर गिर गई, जिससे 4 कार को नुकसान पहुंचा है। इस दौरान भगदड की स्थिति निर्मित हो गई। हालांकि पार्किंग स्थल होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई।

### जिले की सभी पंचायतों में मनाया गया रोजगार एवं आवास दिवस

**जांजगीर-चांपा।** रोजगार दिवस के अवसर पर जिले के समस्त मनरेगा कार्यस्थलों पर श्रमिकों को योजना से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी गई। ग्राम पंचायतों में चस्पा किए गए क्यूआर कोड के माध्यम से श्रमिकों को पूर्व में स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों के बारे में अवगत कराया गया। आवास दिवस के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों को नवीन स्वीकृत आवासों के स्वीकृति जानकारी के साथ ही किए गए तथा निर्माणाधीन एवं पूर्ण आवासों से संबंधित तकनीकी, प्रशासनिक एवं भुगतान संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया। विशेष रूप से ई-केवाईसी, लंबित किश्तों का भुगतान तथा मनरेगा से अभिसरण के अंतर्गत 90 दिवस की अकुशल मजदूरी

## स्कॉर्पियो-बाइक की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

क्षेत्र में एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा ग्राम कोटगढ़ एवं परसाही बाना के बीच उस समय हुआ, जब एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने मोटरसाइकिल को सामने से टक्कर मार दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अभय दास उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम पचरी एवं किशन मरावी उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम साजापाली किसी निजी कार्य से मोटरसाइकिल से बलौदा गए हुए थे। कार्य पूर्ण कर दोनों युवक बलौदा से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान परसाही बाना और कोटगढ़ के बीच विपरीत दिशा से आ रही स्कॉर्पियो के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही अचेत हो गए। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल 112 आपात सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## समस्याओं को लेकर सीएमओ से मिले वार्डवासी



राईस मिल का निरीक्षण करने पहुंचे अफसर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के वार्ड नंबर 12 के विकास कार्यो के लेकर वार्ड पार्षद एवं सभापति के नेतृत्व में पूर्व एल्डर मेन व वार्ड वासियों के प्रतिनिधि मंडल ने सीएमओ से मिलकर वार्ड के कार्यो को तत्काल प्रारम्भ कराए जाने की मांग की।

पुरुषोत्तम नामदेव ने बताया कि बहुत पहले से बने होने के वज़ह से वार्ड के बहुत से रोड जर्जर हो चुके है। नालियां टूट चुकी है। पाइपलाइन में लीकेज है। गन्दा पानी आ जाता है। पार्षद बनने के तत्काल बाद मेरे द्वारा इन मांगों को लेकर नगर पालिका में लिखित में आवेदन किया जा चुका है पर आज दिनांक तक उक्त मांगो पर कार्य प्रारंभ नही कराए जा सके है, जिसको लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मिलकर कर जल्द सभी कार्यो को प्रारम्भ कराने को कहा गया,ताकि वार्ड वासियों की वर्षों पुरानी समस्याओं का निराकरण हो सके। पूर्व एल्डरमेन नानक रोहरा व संजय दुबे ने बताया वार्ड की सड़को में बहुत गड्ढे हो गए है। पूर्व में भी पालिका को इस विषय से अवगत कराया जा चुका है अब जल्द कार्य प्रारंभ न होने पर वार्ड वासी आंदोलन को मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेदारी नगर पालिका की होगी। इसके अलावा पार्षद पुरुषोत्तम नामदेव द्वारा वार्ड में स्थित शासकीय विद्यालयों के इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार, अहिरवार समाज भवन केत जीर्णोद्धार, गुरुघासीदास मोहल्ला में बोर, नवीन आंगनबाड़ी भवन व अन्य विषयों में नगर पालिका से पहल की अपील की गयी। ज्ञापन कार्यक्रम में प्रवीण जैन एवं आयुष शर्मा शामिल थे।

### जिला अस्पताल में बढ़ रही मरीजों की भीड़

# मौसम में आए बदलाव का सेहत पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मौसम में आए बदलाव के चलते जिला अस्पताल में इन दिनों मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। मौसम के बदलाव का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर दिखाई दे रहा है। सर्दी, खांसी, बुखार, मलेरिया, टायफाइड और दस्त जैसी बीमारियों से लोग बेहाल हैं। इसका नतीजा यह है कि जिला अस्पताल बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल में रोजाना मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बताया जाता है कि ओपीडी में 5 सौ से अधिक मरीज पहुंच रहे है।

गौरतलब है कि इन दिनो मौसम का बदलाव का असर लोगों के सेहत पर दिख रहा है। मौसम परिवर्तन के चलते लोग सर्दी, बुखार, मलेरिया, टायफाइड ,दस्त सहित अन्य बीमारियो से लोग परेशान हो रहे है। वही अपना उपचार कराने को लेकर जिला अस्पताल पहुंच रहे है। जिसके चलते सबसे बडे सरकारी अस्पताल में इन दिनो मरीजो की भारी भीड देखी जा रही है। सुबह और शाम ओपीडी के समय में मरीज उपचार कराने पहुंच रहे है। वहीं ज्यादा तबीयत खराब होने पर मरीजों को वार्डों में भर्ती भी किया जा रहा है। बैरिष्टर ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय में औसतन रोजाना 400 से 500 लोग उपचार कराने को लेकर पहुंचते है। जिसके कारण मरीजो को उपचार कराने को लेकर मशक्कत करनी भी पडती है। जांजगीर चाम्पा जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में ना केवल जांजगीर जिला बल्कि पडोसी जिला सक्ती के मालखरौदा, जैजैपुर, सक्ती के लोग भी यहां व्यवस्था के आधार पर उपचार कराने पहुंचते है। जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में सर्दी, खांसी, बुखार, मलेरिया से प्रभावित मरीजो का उपचार तो किया जाता है। इसके अलावा कैंसर, किडनी समस्या, टीबी, एडस, लीवर समस्या सहित अन्य गंभीर बीमार मरीजो की स्थिति ज्यादा खराब होने पर यहां से उन्हें 60 किलोमीटर दुर बिलासपुर शहर रिफर कर दिया है। इन दिनों बदले मौसम का लोगों की सेहत पर असर पड़ने लगा है। ज्यादातर बच्चे एवं बुजुर्ग सर्दी, बुखार की चपेट में आ रहे है। ऐसे में सरकारी अस्पताल के साथ ही निजी अस्पताल में भीड़ लग रही है।



जिला अस्पताल में भर्ती मरीज।

# THE JAIN INTERNATIONAL SCHOOL

(Affiliated to CBSE, New Delhi, No. 3330064)



## SHAPING MIND, BUILDING FUTURE

Welcome to The Jain International School, Bilaspur (C.G), where every child's educational journey begins with joy and discovery. We are excited to unfold Pathways prospective students to join our nurturing and vibrant community that Paves Path for a joyful and enriching educational journey there by laying the foundation for lifelong success.

## ADMISSIONS OPEN

**NURSERY TO IX & XI, (Session 2026-27)**



### AMENITIES:

- **Academic Excellence:** A consistent legacy of District & State Toppers.
- Dual Curriculum Advantage: **Affiliated with CBSE & Launching Cambridge International Education (IGCSE & ESOL).**
- Integrated Career Coaching: Specialized prep for **IIT-JEE, NEET, CLAT, NID, NATA, NIFT,CUET, LSAT, SLAT, CA, and CS** all under one roof.
- **Future-Ready Skills: DEDICATED AI, ROBOTICS, & CODING LAB.**
- **Mathematics and Digital Language Labs.**
- Advanced Sports Facilities: **Horse Riding, Archery, Taekwondo, Tennis Lawn, Skating, Cricket, Football, Swimming.**
- Excellent Boarding: **Fully Air-Conditioned Classrooms & Separate Boarding Houses for Boys & Girls.**
- Performing Arts Qualifications: **Trinity School of Music (London) & Bhatkhande Music Qualifications.**
- **NCC Air Squadron, Naval Wing, Weapon Training & Shooting Range.**
- **Art and Design Space.** • **Digital Library**
- **French as Foreign Language.**
- Security & Safety: **CCTV Surveillance and in House Medical Infirmary**

**SCHOLARSHIP OPPORTUNITY** — UP TO **100%** SCHOLARSHIP

### TJIS ADVANTAGE

- US, UK and Australian College/ University Admission Assistance.
- Smart Classes
- Student Leadership Programme
- Medical Facility
- Central Dinning Hall for Nutritious Diet.
- Inter & Intra – School
- Technology Aided Learning
- Competitions
- Multi Disciplinary Sports & Games Facilities
- Club & Activities
- Domestic and Foreign Tours.
- Hobby Classes
- Teacher Student Ratio 1:30
- Guest Lectures
- 'MUN' (Model United Nations).
- Field Trips
- Inter Disciplinary Academic Rigour/ Approach

### SPECIAL PRIVILEGE TO:

- Armed Forces/Police
  *Army *Navy *Air Force *CRPF *ITBP *BSF *SSB *CISF Personnel
- High Court Employees
- Bank Employees
- Railway Employees
- University/College Employees.

### SPECIAL ADMISSION BENEFITS

- Fee* Relaxation
- Priority Admission Support.
- Scholarship provision for meritorious

Concept & Design @ AdPRAYAS



Mugeli Road, PO Sakri, Bilaspur (CG)
+91 9584461666, 9584461668, 9993589494

Follow us

www.tjisedu.in
www.tjisedu.in/admission
entab.online/tjiscg)

For Admission scan this QR code

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविर का 103 मरीजों ने उठाया लाभ



**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत बुंदेली स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम सहित आसपास गांव से बड़ी संख्या में लोग उपचार कराने पहुंचे। इस दौरान 103 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा दी गई। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी मृत्युंजय राठौर के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत बुंदेली एक दिवासीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में गांव तथा आसपास के ग्रामीण इलाज के लिए पहुंचे जिन्हें उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा जांच उपरांत दवाई वितरण किया गया। इस दौरान 103 मरीज का इलाज किया गय। शिविर को सफल बनाने में डॉ मधु राठौर ,राजकुमार गबेल भूपेश राठौर , सरपंच उपसरपंच, पंच, रोजगार सहायक मितानिन का योगदान रहा।

### भदरा में क्रिकेट कप, नृत्य स्पर्धा एवं मड़ई मेला आज

**बहेराडीह।** समीपस्थ ग्राम सिवनी के भदरा पारा में रविवार 8 फ़रवरी को क्रिकेट,डांस प्रतियोगिता और मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। क्रिकेट में पहला ईनाम 15000 रूपये और कप, दूसरा ईनाम 7000 रूपये, कप, मैंन ऑफ़ द सीरिज 1000 रूपये,कप,मैन ऑफ़ द सीरिज फाइनल 300 रूपये व कप प्रदान किया जायेगा। जिसमें एंट्री शुल्क 1500 रूपये निर्धारित किया गया है। इसी तरह ग्रुप डांस में प्रथम ईनाम 8000 रूपये व शील्ड, दूसरा ईनाम 6500 रूपये व शील्ड, तीसरा ईनाम 5000 रूपये व शील्ड, चौथा ईनाम 3000 रूपये व शील्ड, पांचवा ईनाम 2000 रूपये व शील्ड, छठवा ईनाम 1000 रूपये व शील्ड प्रदान किया जायेगा। ठीक इसी प्रकार युगल डांस प्रतियोगिता में पहला ईनाम 5000 रूपये व शील्ड, दूसरा ईनाम 4000 रूपये व शील्ड, तीसरा ईनाम 3000 रूपये व शील्ड, चौथा ईनाम 500 रूपये व शील्ड प्रदान किया जायेगा।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य व समाज कल्याण विभाग के सभापति श्रीमती उमा राजेंद्र राठौर, जनपद सदस्य व संचार सत्तकर्म के सभापति चुड़ामणि राठौर, सरपंच श्रीमती कृष्णा कुमारी शिव सिंह सिदार, उप सरपंच गोविन्द राठौर,विधायक प्रतिनिधि राघवेंद्र नामदेव, भागवत साहू, अधिवक्ता दीपक बरेठ, गुनेश्वर यादव,पंच टांकेश्वरी महेंद्र यादव, लाल चंद देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

### भाजपा नेताओं ने समिति प्रभारियों से की मुलाकात



**जांजगीर-चांपा।** भाजपा नेताओ ने शासन द्वारा लिए गए निर्णय का सही ढंग से परिपालन किए जाने को लेकर समिति प्रभारियों से मुलाकात की। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा धान खरीदी की तारीख बढ़ाए जाने को लेकर क्षेत्र के किसानो ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। विगत दिनो धान बेचने की समस्या को देखते हुए छग प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानो के पक्ष मे निर्णय लेते हुए धान खरीदी की समय सीमा मे इजाफा किया है इस निर्णय का सही ढंग से पालन हो रहा है या नही जिसकी जानकारी लेने के लिए समिति प्रभारियो से जांजगीर चाम्पा जिले के भाजपा नेताओ ने मुलाकात की। उक्त मुलाकात के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री चमन शिव सिंह किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुराग तिवारी उपस्थित रहे।

महंत लालदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आशीर्वाद समारोह आयोजित

# जीवन में अच्छा करने हमेशा करें प्रयास : सारस्वत

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण




कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते अतिथि।

महन्त लाल दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवरीनारायण में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के विदाई के उपलक्ष में आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि सुंदरलाल शर्मा पत्रकारिता मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रोफेसर व्ही के सारस्वत थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं अन्य अतिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया गया। सरस्वती वंदना के पश्चात विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने अपना अनुभव सुनाया। इस अवसर पर मुख्य अभ्यागत कुलपति सारस्वत ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि- हमें धर्म के साथ जीवन जीना चाहिए। धर्म जीवन जीने की पद्धति है। यदि हम प्रकृति के साथ जीवन जीते हैं तो यही धर्म है। प्रकृति हमें वनस्पति, जीवन, प्रकाश, वायु, जल सब कुछ प्रदान करती है, वह अपने नियमों का कभी उल्लंघन नहीं करती हमें उसके संतुलन को बनाए रखना है। उन्होंने कहा बिदाई जैसा हमारे जीवन में कोई शब्द नहीं है यह एक जीवन चक्र है जो चलते ही रहता है। बाल्यावस्था की विदाई के पश्चात किशोरावस्था की विदाई होती है, युवा अवस्था, प्रौढ़ अवस्था और वृद्धावस्था के पश्चात हम मृत्यु को प्राप्त करते हैं और पुनः जन्म लेकर शरीर धारण करते हैं यह चक्र है जो चलते ही रहता है। जीवन में चार बातों को हमेशा याद रखना प्रथम चेहरे पर हमेशा मुस्कुराहट, दूसरा मन के अंदर आभार का भाव,तीसरा किसी की भावना को ठेस नहीं पहुंचाना और चौथा अपने अंदर अहंकार को मत लाना। अच्छा करने का प्रयत्न हमेशा करते रहना। इसके पूर्व कार्यक्रम के अध्यक्ष राजेश्री महन्त महाराज ने कहा कि मुख्य अतिथि जीवन में अत्यंत उच्च स्थान को प्राप्त करने के पश्चात भी सरलता को धारण करते हैं केवल एक बार फोन से हमने उन्हें इस कार्यक्रम में आने का आग्रह किया और वे उपस्थित हुए हम उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। आप सभी कक्षा 12वीं के पश्चात महाविद्यालय में अध्ययन के लिए जाएंगे ये कुलपति हैं जो महाविद्यालय को संचालित करते हैं इनका आशीर्वाद आपके लिए प्रेरणादायी होगा। लोगों को शिक्षण समिति के सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं पूर्णेन्द्र तिवारी ने भी संबोधित किया। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रोफेसर शर्मा (बिलासपुर), निरंजन लाल अग्रवाल, उदय राम कैवर्त, सुबोध शुक्ला, सुखराम दास, अशोक शर्मा, बसंत देवांगन, घनश्याम प्रसाद साहू, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव के अतिरिक्त महाविद्यालय के प्राचार्य पटेल, श्री कश्यप एवं श्री महन्त लाल दास उत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री कश्यप तथा स्टाफ के सभी प्राध्यापक, शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## वार्षिक अधिवेशन में समाज के विकास एवं संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा



हरदिहा मरार पटेल समाज का वार्षिक अधिवेशन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस सामाजिक आयोजन में खरौद परिक्षेत्र के नव निर्वाचित पदाधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अधिवेशन में समाज के विकास, संगठन की मजबूती तथा भावी योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नव निर्वाचित अध्यक्ष गणेश राम पटेल तुस्मा ने की। उनके साथ उपाध्यक्ष गणेशराम पटेल दुरपा, सचिव रथ राम पटेल डोंगाकोहरौद, कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल कुरियारी, सचिव उमेश कुमार पटेल पंडरिया,ऑडिटर देव ऋषि पटेल कामता उपस्थित रहे। इसके अलावा संरक्षक के रूप में राम खेलावन पटेल मंदिर समिति शिवरीनारायण, राजकुमार पटेल पूर्व पंचायत पामगढ़, सड़वा राम पटेल धरदेई तथा कांति कुमार पटेल लोहर्षी उपस्थित रहे। समाज के सचिव द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें बीते वर्ष के सामाजिक,शैक्षणिक एवं संगठनात्मक कार्यों की जानकारी दी गई। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में गणेश राम पटेल ने कहा कि समाज ने जो विश्वास पदाधिकारियों पर जताया है, उसे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निभाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे समाज हित को सर्वोपरि रखते हुए सदैव सकारात्मक और रचनात्मक कार्य करें। श्री पटेल ने आगे कहा कि हरदिहा मरार पटेल समाज सदैव एकता, सहयोग और संस्कारों के बल पर आगे बढ़ता रहा है। आने वाले समय में शिक्षा सामाजिक सुधार और आपसी सहयोग के माध्यम से समाज को नई दिशा देने की आवश्यकता है।

### तीन दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बिर्रा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिर्रा में तीन दिवसीय संकुल स्तरीय खेल कूद का आयोजन हुआ, जिसमें सभी विद्यालय ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इसी क्रम में स. शि. मं. उ. मा. विद्यालय बिर्रा के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा मिडिल विभाग कबड्डी में प्रथम स्थान तथा मिडिल विभाग खो-खो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार से कुर्सी दौड़ बालिका वर्ग में प्रियांशी देवांगन ने प्रथम स्थान, 100 मीटर दौड़ में दीपक पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा मिडिल विभाग 100 मीटर दौड़ में समीर कश्यप ने द्वितीय स्थान एवं 200 मीटर दौड़ में विक्रम बर्मन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## देशभक्ति व छत्तीसगढ़ी गीत पर छात्र-छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ केरा

- संस्कार भारती हाई स्कूल केरा में वार्षिक उत्सव आयोजित, प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



संस्कार भारती हाई स्कूल केरा में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आदर्श ग्राम पंचायत केरा के सरपंच संतोष कोसले सहित अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती माधुरी नरेश आदित्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ईश्वरलाल देवांगन, लीलाधर आहित्य, नरेशचंद्र देवांगन, राजकुमार यादव, दिलचंद देवांगन, संतोष साहू, राजेन्द्र यादव एवं राकेश शुक्ला विशेष रुप से उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 8वीं के शिवानी धीवर एवं ग्रुप के द्वारा सरस्वती वंदना से की गई, फिर स्वागत गीत में नृत्य किया गया। फिर बारी-बारी से छत्तीसगढ़ के लोकगीतों पर लोकनृत्य की प्रस्तुति की गई। कर्मा नृत्य, छेरछेरा नृत्य, पंथी नृत्य, राऊत नाचा, देशभक्ति गीत पर नृत्य, रिमिक्स गाने पर नृत्य, कक्षा 9 वीं के हिमेश धीवर एवं माधुरी पटेल ग्रुप द्वारा चंदवा बैगा ' गाने पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किये। कक्षा 8वीं के सीमा धीवर के द्वारा 'महाभारत के दौपति चीरहरण वाला नाटक किया गया जो काफी मनमोहक था। कार्यक्रम को देखकर सभी काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। कार्यक्रम का संचालन संजीव कुमार सारथी, श्रवण कुमार साहू एवं श्रीमती देवकुमारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को शील्ड, मेडल एवं मोमेन्टों भेटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सी.आर साहू एवं अन्य स्टाफ संजीव कुमार सारथी, कृष्ण कुमार आदित्य, श्रवण कुमार साहू, श्रीमती देवकुमारी देवांगन, सेवती साहू, फिंगेश्वरी आदित्य अनिता सारथी, जीतराम मांझी, सदानंद भीष्म सूश्री राधिका धीवर, सुश्री मुस्कान आदित्य, सुश्री लेखारानी साहू एवं श्रीमति इन्द्राणी देवी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य सी.आर. साहू ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

## सुरक्षा सामाजिक जिम्मेदारी, दुर्घटना से व्यक्ति नहीं पूरा परिवार होता है प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- व्हीएलसीटीपीपी में 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर विविध कार्यक्रम आयोजित



कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधीजानकारी देते व्हीएलसीटीपीपी के मुख्य प्रचालन अधिकारी।

वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट (व्हीएलसीटीपीपी) ने 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित किए। संयंत्र परिसर, वेदांता टाउनशिप और आसपास स्थित स्कूलों में संचालित कार्यक्रमों से 3500 से अधिक प्रतिभागी लाभान्वित हुए।

अभियान के दौरान प्रतिभागियों को यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया चलाने के दौरान हेलमेट पहनने, कार चलाने के दौरान सीट बेल्ट बांधने, सुरक्षित गति सीमा में वाहन चलाने, वाहन चलाने के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा नशीले पदार्थों के सेवन से बचने के महत्व से परिचित कराया गया। सड़क सुक्षा माह के दौरान जागरूकता के लिए ड्राइव विथ ए सेल्फी प्वाइंट में अनेक भारी वाहन चालकों ने भाग लिया। व्हीएलसीटीपीपी संयंत्र परिसर में आने वाले वाहन चालकों के लिए विशेष कक्षाएं एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। वाहन चालकों का अल्कोहल परीक्षण हुआ। टाउनशिप में महिलाओं और आसपास स्थित स्कूल के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी स्पर्धा आयोजित हुई। मशीन गार्डिंग पर आधारित विशेष सुरक्षा संकल्प दिवस, पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षा जागरूकता आदि अनेक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में व्हीएलसीटीपीपी और बिजनेस पार्टनर के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भागीदारी की। संयंत्र परिसर में सुरक्षा रैली आयोजित की गई। व्हीएलसीटीपीपी के मुख्य प्रचालन अधिकारी देवेंद्र कुमार पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने सुरक्षा संदेश में श्री पटेल ने व्हीएलसीटीपीपी के प्रत्येक सदस्य से सुरक्षा नियमों के पालन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा हम सब के लिए है। हम में से हर एक व्यक्ति सेफ्टी स्टीवार्ड है। हम अपने साथियों और परिवार के सदस्यों को यातायात नियमों से परिचित कराएं। कोई भी कार्य असुरक्षित परिस्थिति में न करें। हमें सुरक्षा को और भी मजबूत बनाना है। इस दिशा में हम सबको मिलजुल कर काम करना जरूरी है। श्री पटेल ने कहा कि सुरक्षा एक सामाजिक जिम्मेदारी है। दुर्घटना से व्यक्ति नहीं बल्कि पूरा परिवार प्रभावित होता है। परिवार के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को समझते हुए हमें अपने प्रत्येक कार्य में सुरक्षा को सर्वोपरि रखना चाहिए। सड़क सुरक्षा माह के दौरान आयोजित अभियान की प्रतिभागियों ने खूब सराहना की। वेदांता समूह भारत के सबसे बड़े निजी थर्मल ऊर्जा उत्पादकों में से एक है, जिसके पास 12 हजार मेगावाट से अधिक थर्मल पावर उत्पादन करने की क्षमता है। देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने और उत्पादन में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए वेदांता पावर समर्पित है।

### नाली निर्माण को लेकर ग्रामीणों और व्यापारियों में विवाद

**सक्ती-डोंगिया।** डोंगिया सब्जी मंडी में उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई जब नाली निर्माण को लेकर गांव के लोगों और सब्जी मंडी व्यवसायियों के बीच जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और पुलिस-प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग उठने लगी। सब्जी मंडी के आलू-प्याज व्यापारियों एवं सब्जी विक्रेताओं का आरोप है कि कुछ माह पूर्व गांव के सरपंच, सचिव एवं पंच सब्जी मंडी पहुंचे थे और दुकानों पर टैक्स लगाने की बात कही थी। इस पर व्यापारियों ने आपत्ति जताते हुए टैक्स देने से साफ इनकार कर दिया था। व्यापारियों का कहना है कि उसी रंजिश के चलते आज गांव के लोग जेसीबी मशीन लेकर मंडी पहुंचे और रास्ता बंद करने की धमकी देने लगे। व्यवसायियों के अनुसार गांव के लोगों ने कहा कि आलू-प्याज व्यापारियों और सब्जी विक्रेताओं के लिए अलग-अलग रास्ता नहीं दिया जाएगा, केवल एक ही रास्ता रहेगा और दूसरे रास्ते को बंद कर वहीं नाली का निर्माण किया जाएगा। इससे मंडी का आवागमन बाधित हो जाएगा और व्यापार पूरी तरह प्रभावित होगा।

TOP IN JANJGIR

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., जेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रूकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थैमोरोइड सर्जरी, थायरोइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

जाँजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
* फ्रेक्चर, प्लास्टर, ऑपरेशन के बाद जोड़ों का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
* कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
* सियाटिका, वात, लकवा (हाथ,पैर,मुह)
* नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS(Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में, चाम्पा
M : 96915 53615

आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर
एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठान: सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सेंट्रिंग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बडौदा के पास जांजगीर मो.9302362173

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं इनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भगवत कथा प्रारंभ



**मुलमुला-नरियरा।** नगर पंचायत नरियरा के वार्ड क्रमांक 10 साहू निवास में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। 6 फरवरी शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निवास स्थान से निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्ग होते हुए सागर तालाब से जल भरकर राधाबल्लभ मंदिर होते हुए निवास स्थान पहुंची। सैकड़ो की संख्या में महिलाओं युवतियों ने ने कलश यात्रा में हिस्सा लिया। प्रथम दिवस कथा प्रारंभ करते हुए पंडित नेहनाथ व्यास नरियरा वाले द्वारा भागवत माहात्म्य व्यास नारद संवाद आदि पर उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया। ब्यास आचार्य ने 7 फरवरी को परीक्षित जन्म व 12 वराह अवतार कपिल जन्म सती चरित्र की कथा सुनाई। 8 फरवरी को द्रोण चरित्र, प्रहलाद चरित्र, अजामिल कथा 9 फरवरी को वामन अवतार समुद्र मंथन श्री राम कथा एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव 10 फरवरी को शिशु लीला बाल लीला माखन चोरी गोवर्धन पूजा रस वृतांत 11 फरवरी को रुक्मणी मंगल विवाह उत्सव 12 फरवरी को सुदामा चरित्र दत्तात्रेय कथा परीक्षित मोक्ष कथा विश्राम चौधरी 13 फरवरी को गीता पाठ तुलसी अर्पण हवन कपिलातर्पण सहस्त्रधारा ब्राह्मण भोज के साथ विसर्जन होगा। कथा प्रतिदिन शाम 3 बजे से प्रारंभ हो रहा है। आयोजक परिवार के श्रीमती राजेश्वरी साहू एवं मानस कुमार सहू ने सभी से कथा श्रवण करने उपस्थित होने अपील की है।

### यूजीसी विनियमन अधिनियम को वापस लेने क्षत्रिय करनी सेना ने सौंपा ज्ञापन



**जांजगीर-चांपा।** यूजीसी विनियमन अधिनियम 2026 को वापस लेने एवं संवैधानिक कसौटी पर पुनः समीक्षा किए जाने हेतु बुधवार 4 फरवरी को क्षत्रिय करणी सेना द्वारा महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मीनू डब्बू सिंह एवं जिलाध्यक्ष श्रीमती सुनीता सिंह के नेतृत्व में कलेक्टर जनमेजय महोबे एवं श्रीमती अंजू सिंह के नेतृत्व में अकलतरा में तहसीलदार को ज्ञापन सोपा गय। इस दौरान महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमतीमीनू डब्बू सिंह चौहान ने बताया कि यदि यह काला कानून वापस नहीं हुआ तो रोड से लेकर संसद तक की लड़ाई लड़ी जाएगी। इसके लिए करणी सेना परिवार पूरी तैयारी के साथ मैदान में खड़ी है । हर हाल में ऐसा काला कानून का विरोध किया जाएगा जो समानता के संवैधानिक अधिकारों का हनन करते हुए किसी एक जाति वर्ग के लोगों को टारगेट करती है। उक्त ज्ञापन कार्यक्रम में महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मीनू डब्बू सिंह, जिला अध्यक्ष जांजगीर चंपा श्रीमती सुनीता सिंह, प्रदेश सचिव कल्पना सिंह चंदेल, कामिनी सिंह सोशल मीडिया प्रभारी पायल सिंह, रश्मि सिंह, पदमा सिंह ,राखी सिंह, भारती राठौर, अंजू सिंह, कल्याणी सिंह ,पल्लवी सिंह सहित क्षत्रिय करणी सेना परिवार के महिला पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## निधन

### श्रीमती निर्मला सिंह



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पेचड़ा के प्रतिष्ठित नागरिक गजेन्द्र सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला सिंह का शुक्रवार 6 फरवरी को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार जांजगीर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे राधाकृष्ण मंदिर के पास जांजगीर निवासी विनोद सिंह (पप्पू) की माता, आशुतोष सिंह की दादी व आशीष सिंह, अभिषेक सिंह, आयुष सिंह की नानी थी।

### उषा सिंह बैस



**अकलतरा।** नगर की प्रतिष्ठित नागरिक स्व. सुभाष सिंह बैस की धर्मपत्नी श्रीमती उषा सिंह बैस का 70 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र एवं तीन पुत्री सहित भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गईं है। उनका अंतिम संस्कार गोपिया तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे अमित सिंह बैस की मां थीं।

भाजपा जिला कार्यालय में वरिष्ठ भाजपा नेता व विधायक ने पत्रकारों से की चर्चा

# विकसित और आत्मनिर्भर भारत की मज़बूत नींव रखने वाला ऐतिहासिक बजट : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

केंद्रीय बजट 2026-27 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की मज़बूत नींव रखने वाला ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बजट है।

ये बातें वरिष्ठ भाजपा नेता व विधायक धरमलाल कौशिक ने शनिवार 7 फरवरी को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह 12वीं बार बजट प्रस्तुत हुआ है और श्रीमती निर्मला सीतारमण लगातार 9वीं बार बजट पेश करने वाली पहली महिला वित्त मंत्री हैं, जो देश के लिए गर्व की बात है। यह बजट विकसित भारत के सपने को साकार करने का महाकाव्य है। यह समाज की समृद्धि और संकल्पों की सिद्धि का बजट है। यह डेवलप्ड इंडिया का डायनामिक बजट है। प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और विज़न से प्रेरित यह बजट वर्ष 2047 के आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध भारत की मजबूत नींव रख रहा है। किसान, युवा, महिला और गरीब देश की इन चारों जातियों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का यह बजट एक नया अध्याय लिख रहा है। यह बजट विशेष रूप से गांव, गरीब, किसान, युवा और महिला इन सभी वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चल रही योजनाओं से गरीबी लगातार कम हो रही है और यह बजट गरीब को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना की सफलता को आगे बढ़ाते हुए बजट में सेल्फ हेल्प एंटरप्रेन्योर 'एसएचई मार्ट' की व्यवस्था की गई है। हर ज़िले में बहनों के उत्पादों को बेचने के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में कम्युनिटी ओन्ड रिटेल आउटलेट स्थापित होंगे, जहां स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण बहनों द्वारा तैयार उत्पादों को नया बाज़ार मिलेगा।



पत्रकारों से चर्चा करते विधायक धरमलाल कौशिक।

उन्होंने कहा कि पशुपालन, कृषि से जुड़ी गतिविधियों और अन्य कार्यों में लगी बहनें अब केवल आजीविका तक सीमित न रहकर उद्यमी के रूप में आगे बढ़ सकेंगी। यही इस पहल का उद्देश्य है। पत्रकार वार्ता में पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल, जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, प्रशांत सिंह ठाकुर, अमर सुल्तानिया, नंद चौधरी, नंदनी रजवाड़े, रेखा गढ़वाल, चुन्नीलाल साहू, इंजी रवि पांडेय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, आशुतोष गोस्वामी, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, विकास शर्मा, अनिल शर्म, हितेश यादव, संतोषी सिंह, नरेंद्र कौशिक, राकेश रूपवानी, चमन शिव सिंह, राहुल सेन,

## भारत को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने वाला बजट

**सक्ती।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय बजट 2026 पर प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजनीश सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह बजट किसान की आय बढ़ाने वाला बजट है, भारत को विकसित भारत बनाने वाला बजट है, लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने वाला बजट है, भारत को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने वाला बजट है। व्यापारियों को टैक्स के झंझटों से राहत देने वाला बजट है, महिलाओं को समान अवसर देने वाला बजट है। रजनीश सिंह ने आगे कहा कि इस बजट में युवाओं के लिए पांच नई यूनिवर्सिटी टाउनशिप खोले जाने का प्रावधान किया गया है। बजट में महिलाओं के लिए ग्रामीण महिलाओं के लिए सिमट एसएचई मार्ट की घोषणा, लखपति दीदी योजना के विस्तार का ऐलानबजट में किसानों के लिए प्रावधानपशुपालकों के लिए लोन सब्सिडी का ऐलान, मछली पालन हेतु 500 बड़े तालाब निर्माण का ऐलान, काफी किसानों के लिए विशेष कोक योजना का ऐलान, अखरोट एवं बादाम के किसानों के लिए विशेष योजना का ऐलान, किसानों को उद्यमी बनने कई ऐलान, बजट में छोटे किसानों के आमदनी बढ़ाने विशेष प्रावधान किया गया है। उन्होंने आगे कही कि बजट में व्यापारियों के लिए प्रावधान के अंतर्गत एमएसएमई के छोटे उद्योगों के लिए एसएमई विकास निधि 10 हजार करोड़ की विशेष योजना का ऐलानविदेश में एक करोड रुपए तक की प्रॉपर्टी पर पेनल्टी खत्मिनिमम अल्टरनेटिव टैक्स को घटाकर 14 प्रतिशत किया गयातेंदूपत्ता पर टीसीएस घटकर दो प्रतिशत किया गया है। इससे छत्तीसगढ़ के तेंदूपत्ता संग्राहकों को भी लाभ मिलेगा, रजनीश सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े बड़े ऐलान अंतर्गत लोगों को सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने, भारत को बायो फार्मा हब बनाने का ऐलान, इस हेतु 40 हजार करोड रुपए की मदद का ऐलान किया गया है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने 5 बड़े मेडिकल हब बनाने का बड़ा ऐलान स्वास्थ्य के क्षेत्र में जनता को बड़ी राहतबुजुर्गों की मेडिकल मदद के लिए सरकार का बड़ा ऐलान, डेढ़ लाख केयर टेकर देगी सरकार, शुगर और कैंसर की दवा सस्ती होगी। तीन नए बड़े आयुर्वेदिक अस्पताल बनाए जाएंगे, गंभीर बीमारियों पर आयात शुल्क में पूरी छूट से दवाइयां सस्ती, पूर्व विधायक रजनीश सिंह ने बजट में अन्य महत्वपूर्ण प्रावधान को बताते हुए कहा कि देश में 20 नए जलमार्ग बनाने का ऐलान, नए रेलवे कॉरिडोर बनाए जाएंगे, जिससे हाई स्पीड ट्रेनों से लोगों का सफर कम समय में पूरा होगा, तीन केमिकल पार्क का निर्माण होगा, पर्यटन को बढ़ावा देने 10 हजार नए टूरिस्ट गाइड बनाए जाएंगे, 4 हजार नई इलेक्ट्रिक बसें चलाने का ऐलान किया गया है। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, जिला संगठन प्रभारी मनोज शर्मा, पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रेम पटेल, धनंजय नामदेव सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# जी राम जी योजना ग्रामीण परिवारों को प्रदान करती है रोजगार की सुरक्षा



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

■ भाजपा ग्रामीण मंडल की जी राम जी योजना पर मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित

भाजपा ग्रामीण मंडल के ग्राम सांकर में जी राम जी योजना को लेकर मंडल स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष अम्बेश जांगड़े उपस्थित रहे। वहीं पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पवन यादव ने की। भाजपा जिला महामंत्री नंदकुमार चौधरी एवं मंडल संयोजक राकेश शुक्ला की विशेष रूप से उपस्थिति थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अम्बेश जांगड़े ने कहा कि जी राम जी योजना ग्रामीण परिवारों को रोजगार की वैधानिक सुरक्षा प्रदान करती है। इसके तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष 125 दिनों के मजदूरी-रोजगार की गारंटी मिलेगी। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा के माध्यम से कार्य योजनाओं का निर्माण होने से पारदर्शिता बढ़ेगी तथा जल संरक्षण, ग्रामीण विकास और आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। चुन्नीलाल साहू ने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। ग्राम सभाओं में योजना के प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी तथा जागरूकता के लिए मुद्रित सामग्री भी वितरित की जाएगी।कार्यक्रम को जिला महामंत्री नंदकुमार चौधरी एवं मंडल संयोजक राकेश शुक्ला ने भी संबोधित करते हुए योजना को ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति महादेव नेताम, प्रेससागर कश्यप, मंडल महामंत्री सुबोध थवाईत, जितेंद्र कौशिक,प्रभा सिंह, नीलिमा मिरीधनंजय सिंह,संजय सिंह, रामसुमेर परुहा ,सुशील चौबे, रामशंकर पाण्डेय,राधेश्याम साहू, जगदीश पटेल ,पंचराम पटेल,महावीर निर्मलकर, प्रकाश पटेल,प्रमोद सिंह हेवस राम टाडे,पुष्पेंद्र थवाईत ईश्वर बारमते, सन्तोष यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रम विभाग की योजनाओं के लाभ लेने ई-केवाईसी अनिवार्य

**सक्ती।** श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों एवं नए आवेदकों के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया अनिवार्य कर दी गई है। श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 1 जनवरी 2026 से पंजीकरण हेतु प्राप्त होने वाले समस्त आवेदनों का निराकरण ई-केवाईसी पूर्ण होने के पश्चात ही किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया गया है कि पंजीयन के समय आधार क्रमांक दर्ज करना अनिवार्य होगा तथा पीडीएस में उपलब्ध आधार से संबंधित जानकारी का सत्यापन आवेदक द्वारा किया जाएगा। जिन श्रमिकों एवं आवेदकों की ई-केवाईसी अब तक पूर्ण नहीं हुई है, उनसे अपील की गई है कि वे शीघ्र अपने नजदीकी श्रम संसाधन केंद्र अथवा श्रम विभाग कार्यालय में आधार कार्ड की मूल प्रति के साथ ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराएं, ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर एवं पारदर्शी रूप से प्राप्त हो सके।

# टेमर प्राथमिक शाला का कलेक्टर ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने बैंक की पैन इंडिया कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत ग्राम टेमर स्थित प्राथमिक शाला का विधिवत लोकार्पण किया। नव सुसज्जित विद्यालय के उद्घाटन अवसर पर पूरे परिसर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। बच्चों के चेहरों पर खुशी व उत्साह स्पष्ट झलक रहा था।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री तोपनो ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की मजबूत नींव है। इस प्रकार की सीएसआर पहलें ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा देती हैं और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने बैंक की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। क्षेत्रीय प्रबंधक आदर्श श्रीवास्तव ने कहा कि बैंक का उद्देश्य केवल वित्तीय सेवाएं प्रदान करना ही नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास में सक्रिय योगदान देना भी है। उन्होंने बताया कि यह परियोजना बैंक द्वारा देशभर में संचालित सीएसआर गतिविधियों की श्रृंखला का हिस्सा है। नव निर्मित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त ,विद्यालय को देखकर बच्चों में पढ़ाई के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया तथा बच्चों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। लोकार्पण कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कुमुदिनी बाघ द्विवेदी, क्षेत्रीय प्रबंधक आदर्श श्रीवास्तव तथा सक्ती शाखा के मुख्य प्रबंधक, बैंक के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।



लोकार्पण करते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।










